## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 25 मई को

**मण्डला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षित प्रसव की गुणवत्ता एवं कवरेज बढ़ाने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, निदान एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 मई को "प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान" का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सा अधिकारी सेवाएं देंगी। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श एवं जोखिमपूर्ण गर्भावस्था की पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल मंडला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर, बीजाडांडी, मोहगांव, नारायणगंज, निवास, नैनपुर, मोहानिया पटपरा सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले की सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे 25 मई को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ लें। अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना है।

### हुनर हाट 2026 का शुभारंभ

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, भोपाल के माध्यम से आयोजित '"हुनर हाट 2026"' का शुभारंभ समाजसेवी श्री प्रफुल्ल मिश्रा एवं श्री महेंद्र पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एस.के. डेकाटे, डीपीएम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बी.डी. भैंसारे एवं प्रदीप तिवारी उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान द्वारा 27 मई तक होटल आर्शीवाद पैलेस, कटरा में आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हुनर हाट में सोसर सिल्क साड़ियाँ, कोषा एवं रेशम सिल्क साड़ियां, बाघ प्रिंट सूट, बेडशीट, चंदेरी सिल्क साड़ियां सहित गोंडी चित्रकला, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, आचार-पापड़, रेशम उत्पाद एवं सजावटी सामग्री प्रदर्शित एवं विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। सभी उत्पादों पर 20 प्रतिशत विशेष छूट भी दी जा रही है। आयोजकों ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय हस्तशिल्प एवं स्वदेशी उत्पादों का लाभ उठाने की अपील की है।

## बैगाटोला पहुंचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा

# राशन, बिजली-पानी और शौचालय निर्माण के निर्देश





*** चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएँ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनसुनवाई में ग्रामीणों से किया गया वादा निभाते हुए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे शुक्रवार को मवई जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम पंचायत इन्द्री के बैगा टोला पहुँचे। कलेक्टर श्री धोटे पूरे प्रशासनिक अमले के साथ गाँव पहुँचे और चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि पिछली जनसुनवाई में इन्द्री ग्राम के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुँचे थे। उस दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने स्वयं गांव आकर समस्याएँ सुनने का भरोसा दिलाया था, जिसे उन्होंने संवेदनशीलता के साथ पूरा किया।

### गुरुवार को लगेगा विशेष समाधान शिविर

चौपाल के दौरान ग्रामीणों की सहभागिता से गांव की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित किया गया। कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देश दिए कि आगामी गुरुवार को ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किया जाए, जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, पात्रता पर्ची सहित विभिन्न हितग्राहीमूलक समस्याओं का पात्रतानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### अब गांव तक पहुँचेगा राशन

ग्रामीणों ने राशन दुकान से राशन लाने में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर श्री धोटे ने आश्वस्त किया कि अब वाहन के माध्यम से गांव में ही राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

बिजली संबंधी समस्याओं पर उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी को 7 कार्यदिवस के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पीएचई विभाग को 7 दिनों के भीतर नवीन हैंडपम्प स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### महिला आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार पर विशेष जोर

कलेक्टर श्री धोटे ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें विभागीय योजनाओं से जोड़कर सिलाई-कढ़ाई एवं अन्य आ जी वि का गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील भी की। युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने स्वरोजगार अपनाने, आधुनिक एवं उन्नत खेती की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### 30 जून तक पूर्ण होगा शौचालय निर्माण

कलेक्टर श्री धोटे ने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी छूटे हुए परिवारों को सूची में शामिल कर 30 जून तक शौचालय निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाए।

ग्रामीणों ने सड़क की समस्या भी प्रमुखता से उठाई, जिस पर कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित अधिकारियों को सड़क का परीक्षण कर बारिश के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य अंतू राठौर, सहायक कलेक्टर शैलेंद्र चौधरी, तहसीलदार मवई, सीईओ जनपद पंचायत मवई, सरपंच श्रीमती ललती सरोते सहित पटवारी, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य मैदानी अमला उपस्थित रहा।



## संभागायुक्त ने गेहूं खरीदी व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने शुक्रवार को बीजाडांडी विकासखण्ड में दीपिका वेयरहाउस स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायणगंज गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने खरीदी केन्द्र पर भंडारण और खरीदी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं विभागीय अधिकारियों से गेहूं उपार्जन की दैनिक प्रगति, परिवहन, भंडारण, भुगतान आदि की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी के लिए जितने भी स्लॉट शेष बचे हैं, उन पर उपार्जन कार्य समय से पूरा किया जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को वेयरहाउस उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं उनके द्वारा शासन के निर्धारित मापदण्ड अनुसार गेहूँ खरीदी में मानक गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि उपार्जन कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर से लेकर प्रत्येक उपार्जन केंद्र तक नोडल अधिकारियों की जिलों में नियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ संभाग के स्तर से संभागीय अधिकारियों को भी जिले आवंटित कर नियमित मॉनिटरिंग के लिए दायित्व सौंपा गया है।

संभागायुक्त श्री सिंह द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को शासन नीति अनुसार उपार्जन प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए उपार्जन केन्द्रों का सघन भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया गया।

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों के बेड पर आवश्यक विवरण टी.पी.आर. चार्ट में दर्ज करने, मरीजों को डाइट चार्ट अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, टीकाकरण कक्ष के बाहर लगने वाले टीकों की जानकारी प्रदर्शित करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गर्भवती महिलाओं का ए.एन.सी. पंजीयन एवं टीबी एवं सिकल सेल मरीजों की जांच आदि की कार्यवाहियाँ नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त अस्पताल के सभी वार्डों में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा आवश्यक साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

## अनारी नदी में चला जल गंगा संवर्धन अभियान, ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**मण्डला।** मंडला जिले के विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया की अनारी नदी में 22 मई को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था पेंडुर गंगा सेवा समिति पातादेई सेक्टर मुनू द्वारा संपन्न हुआ। अभियान के दौरान नदी की साफ-सफाई करते हुए ग्रामीणों को "जल ही जीवन है, जल है तो कल है" का संदेश दिया गया। साथ ही नदी किनारे जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बृहद बैठक एवं संगोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि इसी अनारी नदी में गत नवंबर माह में जल संरक्षण के उद्देश्य से बोरी बंधान का कार्य किया गया था। पूर्व में हर वर्ष गर्मी के मौसम में नदी सूख जाती थी, लेकिन बोरी बंधान के कारण इस वर्ष भी नदी में निर्मल एवं अविरल जल उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पशु-पक्षियों एवं ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी मिल रहा है। ग्रामीण सुक्खू सिंह एवं बाजारीलाल बैगा ने बताया कि बोरी बंधान के कारण इस वर्ष नदी में पानी बना हुआ है, जिससे गांव के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

## एसके गिरिया का हुआ मंडला आगमन



*** सामाजिक लोगों से की गई मुलाकात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल जबलपुर संभाग के मुख्य अभियंता एवं अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक के प्रदेश अध्यक्ष एस के गिरिया और संघ के ई एल लिल्हारे सपरिवार कान्हा नेशनल पार्क जाते समय मंडला में सामाजिक पदाधिकारी के साथ मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों एवं आगामी विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान बाल सिंह ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, राजेश लोधी, राजकुमार दमाहे नंदलाल जंघेला आदि मौजूद रहे।

## किले वाले बाबा का उर्स हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हजरत बाबा बरहना शाह रहमतुल्लाह अलैय किले वाले बाबा का उर्स हर साल की तरह इस साल भी परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उर्स की शुरुआत 20 मई को कुरआन खानी व मिलाद शरीफ से हुई। 21 मई को किले वाले बाबा का शाही संदल हजरत बाबा बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैय की दरगाह से मशहूर राजकुमार बैंड, सफेद घोड़ों का नृत्य, मलंग कला एवं आतिशबाजी के साथ शहर गश्त करता हुआ किले वाले बाबा की दरगाह में पेश किया जाना प्रस्तावित था लेकिन प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने की वजह से उर्स कमेटी द्वारा शाही संदल नहीं निकालने का निर्णय लेते हुए उसे रद्द कर दिया गया। इसकी जगह किले वाले बाबा की दरगाह से चंद कदम दूर से ही सांकेतिक रूप से संदल निकाल कर औपचारिकता पूर्ण की गई। संदल किले वाले बाबा की दरगाह में पेश किया गया। इस दौरान बाबा के चाहने वालों ने चादर पेश की। चादर पेश करने के बाद फातिहा हुई व मुल्क की तरक्की, अमन-शांति व साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रहने की दुआ की गई। इस दौरान लंगर ए आम का एहतमाम भी किया गया। 21 मई को भी दरगाह परिसर में लंगर ए आम का एहतमाम किया गया, जिसमे बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की। दरगाह में चादर पेश करने का सिलसिला चलता रहा। बाबा सैयद राहित अली, सिब्बल बाबा, जानू बाबा, शेबू बाबा, लड्डू बाबा, पप्पू सोनी, फारूक बाबा सहित कई मुजबीरों को हाजिरी हुई। बाबा से मिलने फरियादियों का तांता लगा रहा। जबलपुर की मशहूर ताहिर शहनाई इस दौरान नातिया कलाम व क़व्वाली पेश करती रही। 23 मई की सुबह कुल की फातिहा से उर्स का समापन हुआ। उर्स को सफल बनाने में श्रीनाथ अग्रवाल, शशिकांत डोंगसरे, सैयद राहित अली, सिब्बल खान, मुन्नू गुप्ता, एडवोकेट अशोक वर्मा, नईम खान, अंकित मोनू अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, बबलू गुप्ता, संदीप मोदी, गोपाल बर्वे, महताब खान सहित सभी वर्ग के लोगों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**बैठक** | **मन की बात किसानों के साथ" कार्यक्रम को लेकर भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न।**

# गांव-गांव किसान हितैषी योजनाओं से जोड़ने का कार्य

*** 31 मई को आयोजित होगा कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाले "मन की बात किसानों के साथ" कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, किसानों के बीच जानकारी, पंचायत एवं बूथ स्तर पर आयोजन तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल कुर्मी पटेल एवं प्रदेश मंत्री राजमणि बघेल का भाजपा कार्यालय आगमन हुआ। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजीत पांडे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल कुर्मी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "मन की बात" कार्यक्रम देश के किसानों, युवाओं और आमजन से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा गांव-गांव तक पहुंचकर किसानों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। वहीं किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजमणि बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के हितों के लिए समर्पित रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण हेतु अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर अधिक से अधिक किसानों को इस अभियान से जोड़ें और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश शुक्ला, वीरेंद्रधर द्विवेदी, पवन ज्योतिषी, आदित्य मिश्रा, अमृतलाल, भगवान प्रसाद मिश्रा, पुनाराम गोठिया, जगन्नाथ यादव, ओमकार यादव, मनहरण पटेल, असद अहमद, संतु सिंह कुलस्ते, प्रहलाद सोनी, लालाराम यादव, विनोद साहू,, आनंद राम, कतकू लाल भलावी, जगदीश हरदहा, अतर लाल मरावी सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने बढ़ाया दिव्यांग छात्रा का हौसला

*** करौंदा टोला में द्रौपदी धुर्वे के घर पहुँचे कलेक्टर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जहाँ हौसले बुलंद हों, वहाँ शारीरिक अक्षमता भी सफलता की राह नहीं रोक सकती इस प्रेरणादायक सत्य को ग्राम करौंदा टोला (भीमडोंगरी) की प्रतिभाशाली दिव्यांग छात्रा द्रौपदी धुर्वे ने साकार कर दिखाया है। द्रौपदी ने पैरों से लिखकर कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।

द्रौपदी की इस असाधारण उपलब्धि से प्रभावित होकर कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे स्वयं उनके निवास पहुँचे। उन्होंने छात्रा एवं उसके परिजनों से आत्मीय चर्चा कर द्रौपदी के साहस, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता की सराहना की तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर श्री धोटे ने द्रौपदी को आगे भी निरंतर शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उसकी उच्च शिक्षा और करियर निर्माण में हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आर्थिक या अन्य किसी भी कारण से उसकी पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

### परिवार की समस्याएँ सुनीं, दिए आवश्यक निर्देश

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने द्रौपदी के पिता से परिवार की स्थिति और उपलब्ध शासकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आवास, राशन कार्ड एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जमीनी स्थिति समझी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से मुर्गी पालन जैसे स्वरोजगार से जुड़ने की सलाह भी दी गई।

### योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के निर्देश

कलेक्टर श्री धोटे ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि द्रौपदी धुर्वे का परिवार शासन की किसी भी जनकल्याणकारी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने पात्रता अनुसार सभी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य अंतू राठौर, सहायक कलेक्टर शैलेंद्र चौधरी, तहसीलदार मवई, सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान के चलते बह रही धर्म की गंगा



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर छोटा में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ जारी है। यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया। यात्रा गाँव के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई कथा स्थल पर जाकर समाप्त हुई। वही धार्मिक आयोजन के चलते प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक श्री श्री 1008 संत शिरोमणि अनंत श्री विभूषित डॉ. राजेश्वर चैतन्य (ब्रह्मचारी जी महाराज ककराघाट नर्मदा तट (काशीवाले)) ने प्रवचन देते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से बहुत कुछ सीखने को मिलता है साथ ही जीवन में अच्छे विचार आत्मसात करने का अवसर भी मिलता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में संस्कारो का विकसित होना जरुरी है। जब हम अच्छी संगति करेंगे तो बढ़िया संस्कार भी मिलेंगे। उन्होंने कथा में भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओ का वर्णन करते हुए कहा कि कंस के अत्याचार से सभी परेशान थे। भगवान ने कंस का वध कर लोगों को अत्याचार से मुक्ति दिलाई थी। उन्होंने कथा में कहा कि अधिक मास में हमें दान पुण्य अधिक करना चाहिए। आज 24 मई को भंडारे के साथ कथा का समापन होगा।

## कभी ज्वार मक्का की रोटी हुआ करती थी क्षेत्रवासियों का भोजन?

**हरिभूमि न्यूज/ बारहाबड़ा।** किसानों को अच्छे दाम नहीं मिलने के कारण एक तरफ ज्वार मक्का का रकबा घट रहा है,वहीं इनमें पौष्टिक गुण होने के कारण इसकी रोटी के स्वाद के कद्रदानों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है,एक जमाना था जब ज्वार मक्का की रोटी को गरीब वर्ग का ही भोजन कहा जाता था,लेकिन आज स्थिति बिल्कुल विपरीत हो गई है,जिस तरह से बाजारों से ज्वार,मक्का लुप्त हो रहा है इसका मुख्य कारण है कि किसानों ने इनकी पैदावार लेने में कमी कर दी है क्योंकि बाजारों में उन्हें इनका कम दाम मिलता था, हरिभूमि को क्षेत्र के एक बुजुर्ग कृषको ने चर्चा के दौरान बताया कि कुछ वर्षों पूर्व ज्वांर की पैदावार के कारण किसानों का रूझान ज्वांर की खेती की तरफ ज्यादा था इसलिए गेंहूँ की जगह ज्वार की रोटियां ही खाई जाती थीं,उस समय गेंहूँ की रोटियां सिर्फ संपन्न घरों में ही बनती थीं लेकिन समय के साथ ही गेंहूँ का उत्पादन बढ़ा और मक्का एवं ज्वांर के रेट कम मिलने से इनका उत्पादन कम हो गया, इसलिए हालात बदले और जिस ज्वांर मक्का को गरीबों का भोजन कहा जाता था वह अब अमीरों का शौंक हो गया है जो आज बाजार में ज्वार का भाव 50 रूपया प्रति किलो से भी अधिक चल रहे है। मगर पहले देखा जाता था कि ज्वार जहां गांव गांवों में पैदा होती थी मगर अब स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोगों को ज्वार खोजे से भी नही मिल रही है? पहले दाम कम मिलने से ज्वांर एवं मक्का का उत्पादन कम हो गया था लेकिन अब स्थिति उलट है और उत्पादन कम होने से दाम अधिक मिलने लगे हैं, मगर अब ज्वार खोजे से नही मिल रही है जिसके चलते ज्वार का स्वाद लोगों द्वारा सिर्फ कल्पना के माध्यम से ही ग्रहण किया जा रहा है?

## खेतों से गायब हो रही किसानों की कृषि सामग्री

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है उसके चलते क्षेत्र के लोग लगातार दहशत की स्थिति में तो देखी ही जा रहे है। मगर अब स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि किसानों के खेतों पर रखे हुए कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्योंकि इस समय पड़ रही ठंड के चलते जहां किसान अपने खेतों में पहुंचने को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे है, मगर जब देखा जाता है कि किसान अपने खेतों से थोडी देर के लिए जब अलग होता है।

# पारंपरिक जल स्रोतों की बदहाली को नजरअंदाज कर सूखी नदियों में चार बोरी डाल कर जल संवर्धन अभियान के नाम पर लूटी जा रही वाहीवाही बनी चर्चा का विषय...?







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इसे मॉ नर्मदा की कृपा का फल ही माना जाए कि शहर एवं क्षेत्र के गॉवों में वर्ष भर लोगों को भरपूर पानी नसीब होता रहता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गॉवों में भी नल जल योजना के तहत बनीं पानी की टंकियों के निर्माण होने से ग्रामो के निवासियों को कम ही पानी के लिए हायतौबा मचाने विवश होना पड़ता है..? लेकिन जिस तरह विवाह के बाद दूल्हे की मौर नदी में विसर्जित कर उसे भुला दिया जाता है। उसी तरह इस समय देखा जा रहा है कि लगता है शासन-प्रशासन के साथ क्षेत्रवासियों ने उन प्राचीन कुओं, तालाब व बावाड़ियो की सुध बिसराना शुरू कर दिया गया है। इसी का परिणाम है कि वर्षो पूर्व प्यासे हजारो कंठ तृप्त होते रहे है वह जन स्त्रोत आज बदहाली का शिकार होते हुये देखे जा रहे है। ज्ञातव्य है कि नगर ही नही क्षेत्र के कई गांवों में परम्परागत जल स्त्रोतो की उपेक्षा होने से उनका नामो निशान लगातार मिटता चला जा रहा है..? हकीकत यह है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी का लगभग ढाई एकड़ भूमि का मालिक माने जाने वाले विशाल तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण एक तलैया के रूप में दिखाई देने लगा है। वही दूसरी कुछ इसी प्रकार का हाल गांव के वर्षो पुराने कुंआ का देखने मिल रहा है जिस पर लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये उसके ऊपर लकड़ी रेखते हुये गंदगी फैलाई जा रही है या फिर मवेशियों को बांधते हुये उसकी सुन्दरता को ग्रहण लगाने से भी नही चूक पा रहे है जिसके चलते इस प्रकार से वर्षो पुराने पूज्यनीय माने जाने वाले यह परम्परागत स्त्रोत अपने असत्तिव को बचाने के लिये खुदे ही जूझते हुये देखे जा रहे है? इस समय देखा जा रहा है कि शासन से लेकर निजी संस्थाओं द्वारा जल संबंर्धन अभियान चलाते हुये सूखी नदियों पर चार बोरी डालते हुये जिस तरह जल बचाने के नाम पर वाही वाही लूटी जा रही है। मगर पुराने जल स्त्रोतों की अनदेखी इस अभियान पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अनुभवी बुजुर्ग अभी भी चाहते है कि कुंआ व तालाब सलामत रहे । मगर विडम्बना की बात है कि प्रशासन के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाऍ पारंपारिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा के मामले में उदासीन बनी हुई है? इस संबंध में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि पर्याप्त पानी मिलने के दौरे में यह बात चिंता जनक है कि पारंपारिक जल स्त्रोतो की तरफ ध्यान न दिया जा रहा है। वही दूसरी देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा हर साल करोड़ो रूपया खर्च करते हुये गांव गांव सरोबर से लेकर तालाब व डेमों का निर्माण कराते हुये रूपया खर्च किये जा रहे है। मगर जिस तरह पुराने जल स्त्रोत है उनकी अनदेखी सरकार की योजनाओं पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है। क्योंकि सरकार द्वारा बनाये जाने वाले तालाबों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी कि सरकार द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुये गांव गांव बनाये जा रहे इन तालाबों में एक बूंद पानी नजर आ जावे तो बडी बात होने से नही चूक पायेगी..? क्योकि इस तरह नये तालाबों के निर्माण को लेकर सरकार द्वारा जहां करोडो रूपया खर्च किये जा रहे है और दूसरी ओर पुराने जल स्त्रोतों की अनदेखी निश्चित तौर से सरकार के प्रयास मात्र सरकारी धन की होली खेलने के आलवा ओर कुछ साबित होने से नही चूक रहे है। यदि वर्तमान में देखा जावे तो जरूरत इस बात की है कि इन परम्परागत जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी दशा में बदलाव लाने की पहल करना अति जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार से पारंपारिक जल स्त्रोत के अनदेखी करना पूर्णरूप से अनुचित है..? मगर जिस प्रकार से शासन प्रशासन से लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा इन पुराने जल स्त्रोत की अनदेखी कर रहे है, वही लोगों द्वारा अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषित करने से भी नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई इस समय ग्राम के कुआ में देखने मिल रही है इस वर्षो पुराने के में आज भी पानी है मगर उसकी ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण वह पानी गंदा हो चुका है। यदि इस कुंआ में सुधार किया जावे तो यह क्षेत्र की धरोहर माने जाने वाले परम्परागत जल स्त्रोतों की फिर से सूरत बदली जा सकती है और वह आमजन के लिये उपयोगी साबित हो सकते है? यदि शासन के रिकार्ड का अवलोकन किया जावे तो क्षेत्र का शायद ही ऐसा कोई गांव शेष होगा जहां पर राजस्व रिकार्ड में तालाब या कुंआ दर्ज दिखाई न दे रहा हो..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि सरकारी रिकार्ड के अनुसार राजस्व भूमि पर बने हुये यह कुंआ व तालाब मौके पर नजर ही नही आ रहे है जहां तालाबों में प्रभावशालियों की फसले लह लहा रही है तो कुंओं के ऊपर निर्माण कार्य हो चुके है जिन पर बहुमंजिला आवास तने हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इसी प्रकार का हाल नगर में भी आसानी से देखने मिल सकता है। बताया जाता है कि नगर के नाजूल की भूमि पर बने हुये कुंआ का हाल तो यह बना चुका है कि उन पर कुछ प्रभावशालियों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने आसियाने तानते हुये उनका नामों निशान ही मिटा डाला है..? सरकार द्वारा जिस तरह जल स्त्रोतो की चिंता करते हुये गांव गांव अमृत सरोबर का निर्माण कराये जाने की जो औपचारिता निभाई जा रहे है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ पंचायतों के लिये दुधारू गाय के रूप में साबित होने से नही चूक रही है..? यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये वर्षो में जिन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोबर के नाम पर लाखों रूपया खर्च करते हुये जिन तालाबों का निर्माण हुआ है उनकी सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि यदि आज के समय में उनमें एक बूंद पानी नजर आ जावे तो बड़ी बात होगी..?



## नियमों का पाठ पढ़ाने वाले ही तोड़ रहे नियमों की धज्जियां, आम पब्लिक से पालन करने की क्या उम्मीद की जा सकती हैं

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शासन द्वारा हर विभाग में अलग अलग नियम बनाते हुए उनका पालन करना सभी के लिए अनिवार्य किया गया है, इसी प्रकार से रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करने के लिए आये दिन सख्त हितायत देते हुए नियमो को तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का भी प्रावधान बनाया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बगैर किसी ठोस कारण के ट्रेन को रोकने व रेल पटरी पार करने सहित रेल विभाग के अन्य नियम बनाये गये है और यदि कोई इन नियमों का पालन नही करता है तो रेल विभाग द्वारा उसके व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दंडित भी किया जाता है? मगर अब सबाल यह उठता है कि जब नियमों का पालन कराने के लिए आम लोगों को पाठ पढ़ाने वाले ही उन नियमों की धज्जियां उड़ाने लगे तो फिर आम पब्लिक से क्या उम्मीद की जा सकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते दिवस उस समय देखने मिली जब स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर कुछ वर्दीधारी ही नियमों को दर किनार करते हुये खुलेआम रेल पटरी पार करने से नही चूक रहे थें इस सच्चाई को देखकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि क्या रेल विभाग द्वारा बनाये गये नियम मात्र आम जनता के लिए ही है? क्योंकि जब हम रेल्वे स्टेशन पर पहुंचते है तो वहां पर लगे हुये स्पीकरों से यह सूचना आये दिन सुनते है कि पैदल रेल पटरी पार करना नियम विरूद्ध है और यदि कोई व्यक्ति पैदल रेल पटरी पार करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से विभाग के ही अधिकारियों व बर्दीधारी ही खुलेआम रेल पटरी पैदल पार करते हुए देखा गया तो लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि नियम सिर्फ आम जनता के लिये होते है विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कुछ भी करते हुये उन्हें सभी प्रकार की छूट प्रदान की जाती है?

# सांईखेड़ा झिकोली मार्ग पर डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया शव रखकर चकाजाम







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

क्षेत्र की सड़को पर बेलगात गति से दौड़ रहे वाहनों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाओं के चलते आमजन की जिन्दगी खतरे में जाने से नही चूक रही है। यह बात अलग है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये अधिकारियों द्वारा जरूर दिशा निर्देष तो दिये जाते है मगर वह सिर्फ कागजों से लेकर अखबारों की सुर्खियों तक ही सीमित रहने से नही चूकते है। इसी का परिणाम है न तो वाहनों की गति पर अंकुश लग पा रहा है और न ही दुर्घटनाये रूक पा रही है। कहने के लिये कुछ माह पहले जिला कलेक्टर से लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुये दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण करते हुये उन्हे चिन्हित करते हुये गति अवरोधक स्थापित कराये गये थें। वही उन गति अवरोधको की सच्चाई किसी से छिपी नही होगी जो पांचवी सुबह देखने पहले ही टूटकर वाहनों के चाको में चिपने से नही बच पाये थें। इस तरह सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिये निभाई जाने वाली औपचारिकता परिणाम है कि क्षेत्र की सड़के जहां खून से लाल होते हुये देखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को सांईखेड़ा झिकोली मार्ग पर देखने मिली है जहां पर एक डम्फर की चपेट में आने के चलते मोटर साईकिल सबार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम तूमडा निवासी एक 18 वार्षिय युवक अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था। उसी दौरान नर्मदा रिर्सोट के पास एक डम्फर के कुचल देने के कारण जहां युवक की मौत हो गई। वही घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा युवक के शव को स्टैट हाईवे क्रमांक 44 पर रखते हुये चकाजाम करते हुये विरोध प्रदर्शन किये जाने के चलते काफी समय तक मार्ग के दोनो ओर वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई। वही दूसरी ओर कानून व्यवस्था बनाने के लिये गाडरवारा से टीआई अशोक सिंह चौहान सहित अन्य थानों का पुलिस बल भेजा गया जब कही मामला शांत हुआ। पुलिस द्वारा आरोपी डम्फर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# प्यासे पशु या प्राणी को पानी पिलाया जाता है तो उसकी तृप्त आत्मा मानव का भाग्य बदल सकती है- बसेड़िया





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान जहां लोगो के पल पल में कंठ सूखने के कारण ठंडे पानी से लेकर अन्य पेय पदार्थो का सेवन करने में पीछे नही रहते है। मगर उन मूक पशुओं की ओर शायद ही किसी का ध्याम जाते हुये देखा जा रहा है जो दिन भर प्यासे कंठ सड़को पर घूमते हुये देखे जाते है। इस पशुओं के लिये हर साल समाज सेवी मुकेश बसेड़यिा जहां तहां टंकी स्थापित करते हुये पानी पिलाया जाता है। इस तरह इस समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए बसेडिया द्वारा आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी व्यक्ति अपने अपने घर के सामने गाय माता व मूक पशुओं के लिए तथा छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी रखे। क्योंकि गर्मी का पारा 44 डिग्री के आसपास है , जिसमे सभी प्राणियों के जीवन के लिए पानी ही बचाव का प्रमुख आधार है, प्यास से व्याकुल होकर सभी मूक पशुओ की हालात खराब है। अतः आप सभी से निवेदन है कि अपने घर के सामने गाय माता, मूक प्राणियों हेतु किसी भी उपलब्ध पात्र जैसे टँकी, बाल्टी, तेल के खाली कनस्तर आदि में पानी भरकर अवश्य रखे और घर की छत पर मिट्टी के पात्र में पक्षियों के लिए जल भरकर रखे ज्ञात हो कि बसेड़यिा अपील के साथ साथ वो स्वयं भी विगत दो माह से उनके द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर रखे गौ जल पात्रों की सफाई व जल व्यवस्था देखते है। दो स्थानों उनके द्वारा स्थापित गुड़ चना युक्त प्याऊ सेवा में राहगीरों व जरूरतमंदों को शीतल जल के साथ गुड़ चना की व्यवस्था प्रतिदिन नियम से देखरेख कर सेवा दे रहे है ,इस पावन कार्य मे उनके साथी, अस्पताल रोड पर रेवाश्री परिवार तथा लोकसेवा केंद्र पर नीरज कौरव अतुलनीय सहयोग कर रहे है एवं सभी गौ जल पात्रों की सेवा करने वाले सभी साथी नियम से सुबह शाम जल पात्रों को साफ कर मूक पशुओं की सेवा का दैवीय कार्य कर रहे है। बसेड़यिा द्वारा रखे गए जल पात्रों में गाय माता सहित अनेक मूक पशु जल पीकर अपनी प्यास मिटा रहे है।

## खाली पड़े हुए भूखंडों की गंदगी से परेशानी, प्लाटों की पड़ताल नहीं कर रहा प्रशासन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अचल संपत्ति सहेजने की जल्द बाजी में लोंगो ने शहर में ढेरो प्लाट तो खरीद लिए हैं पर वर्षो से इन प्लाटों पर उनके द्वारा मकान न बनाने की स्थिति में ये खाली भूखंड शहरवासियों के परेशानियों का कारण बनते जा रहे है। अनेक वार्डो, कालोनियो के निवासियो ने बताया कि उनके रहवासी क्षेत्र में रिक्त प्लाटों में गंदगी के साथ साथ गंदा पानी भरा हुआ है,जिससे मच्छरों के पनपने का सिलसिला थम नहीं रहा है और ये खाली भूखंड़ आवारा जानवरों का अड्डा बनकर रह गए है। विदित हुआ है कि नगर के कई वार्डो में खाली प्लाटों की खोज खबर उनके मालिक भी नही ले रहे है, जिससे लोग इन रिक्त प्लाटों का उपयोग कचराघर की तरह कर रहे है और नगर के अधिकतर खाली भूखंड झाड झकाड़, कांच के टुकडों, पॉलीथिन की खाली थैलियो से पट गए है और वर्षो से बारिश के दिनों के दौरान होने वाला पानी भरने से विशाल गड्ढे में तब्दील होते जा रहे है। शहरवासियो का कहना है कि मकान बनाने प्लाट खरीदना बुरी बात नहीं है किन्तु लम्बी अवधि तक इन उपयोग न करना जनहित की अनदेखी करना चिंता जनक है, जिसके चलते शहर में सर्वत्र पड़े खाली प्लाटों पर जो भीषण गंदगी प्याप्त है उससे वार्डो के निवासी, राहगीर,स्कूली बच्चें तो परेशान हो ही रहे है, साथ ही नगर का रूप रंग भी बिगड़ रहा है। इस तरह खाली प्लाटों की समस्या से हलाकान लोंगो के अनुसार हालत यह है कि खाली भूखंडो के मालिकों ने अपने रिक्त प्लाटों की कीमत बढ़नें की आस में उन्हे उपेक्षित छोड़ दिया जाता है और स्वयं के प्लाटों की साफ सफाई कराने से मुंह मोड़ लिया, इसके अलावा सार्वजानिक न होने की स्थिति में नपा. के सफाई कर्मियो ने इन प्लाटों की नियमित सफाई करने से किनारा कर लिया, ऐसी स्थिति में शहर के अनेक वार्डो व कालोनियो में खाली पड़े हुए



# पीएमश्री नगर के बीटीआई स्कूल के छात्रों की ऑन जॉब ट्रेनिंग संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के प्रतिष्ठित शासकीय विद्यालय *पी एम श्री शास. बालक उ.मा.वि. (बी टी आई) स्कूल में संचालित *नवीन व्यावसायिक शिक्षा* के अंतर्गत एग्जिट लेवल के छात्रों की *ऑन जॉब ट्रेनिंग* सफलता पूर्वक संपन्न हुई । बताया जाता है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होता है। जिसकी मूल अवधारणा यह है कि एग्जिट लेवल के व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों को अपनी ट्रेड से संबंधित इंडस्ट्री या संस्थान में वास्तविक कार्यस्थल वातावरण में कार्य करते हुए, अपने कौशल को विकसित करने और व्यावसायिक व्यवहार को जानने उसकी समस्याओं को समझने और हल करने का अवसर प्राप्त हो सके। नगर के बी टी आई विद्यालय के छात्रों को इस बार नगर के सारा कंप्यूटर एजुकेशन* में अपनी इस ऑन जॉब ट्रेनिंग को पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और उसकी उपयोगिता* विषय पर प्रशिक्षण लिया और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विभिन्न ऐप्स पर काम करना सीखा। जिनमें मुख्य तौर पर चैट जीपीटी, जेमीनाई, कैनवा ग्राफिकल डिजाइनिंग आदि टूल्स का प्रोफेशनल उपयोग करना सीखा। इस संपूर्ण प्रशिक्षण में प्रशिक्षण स्थल से लेकर, कंप्यूटर लैब एवं अन्य समस्त प्रकार के संसाधनों की पूर्णतः निःशुल्क उपलब्धता को सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक कमल साहू ने सुनिश्चित किया और छात्रों को एक सुविधापूर्ण व्यवस्था प्राप्त हो सके इसका भरपूर ध्यान रखा गया। 1 मई से निरंतर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल के मार्ग दर्शन में,व्यावसायिक प्रशिक्षक विनोद कुमार तिवारी एवं अंशुमान दुबे जी के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बी टी आई विद्यालय और सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान श्रेष्ठतम और उल्लेखनीय कार्य करने वाले छात्रों को चयनित कर उन्हें पुरस्कार व स्मृति पदक भी प्रदान किए गए। समापन कार्यक्रम में जहां एक ओर बी टी आई विद्यालय की यशस्वी प्राचार्या श्रीमती पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तो वहीं साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। अपने वक्तव्य से छात्रों का मार्गदर्शन किया और पुरस्कार वितरित किये गये।

## खबर संक्षेप

### एक ही थाने में वर्षों से जमे पुलिस कर्मियों पर डीजीपी सख्त

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में लंबे समय से एक ही थाने एवं शाखाओं में पदस्थ कर्मचारियों को लेकर अब पुलिस मुख्यालय सख्त नजर आ रहा है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशों के बाद पूरे प्रदेश में ऐसे पुलिस कर्मचारियों की सूची तैयार किए जाने की चर्चा तेज हो गई है, जो वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। डीजीपी द्वारा दिए गए निर्देशों का मुख्य उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही को मजबूत करना बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि लंबे समय तक एक ही थाने में पदस्थ रहने से कार्यप्रणाली प्रभावित होती है तथा आमजन में भी निष्पक्ष कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े होने लगते हैं। ऐसे में पुलिस मुख्यालय का यह कदम व्यवस्था सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि अनूपपुर जिले में यह आदेश कितना प्रभावी साबित होगा, इसको लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जिले में पूर्व में भी कई बार तबादलों और प्रशासनिक फेरबदल को लेकर आदेश जारी हुए, लेकिन उनका पूर्ण रूप से पालन नहीं हो सका। ऐसे में लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार वास्तव में वर्षों से जमे कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह आदेश भी केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा। जनता अब यह देखने के इंतजार में है कि जिले में पुलिस विभाग इस निर्देश को कितनी गंभीरता से लागू करता है। यदि निष्पक्ष और व्यापक स्तर पर कार्रवाई होती है तो इससे पुलिस व्यवस्था में सुधार और आमजन का भरोसा बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। फिलहाल सबकी नजरें प्रशासनिक कदमों पर टिकी हुई हैं और समय ही बताएगा कि यह पहल बदलाव लाती है या महज औपचारिकता बनकर रह जाती है।

### 16 हजार रिटायर्ड कोल कर्मियों को अब प्रतिमाह न्यूनतम 1,000 मिलेगी पेंशन

**राजनगर।** केंद्र सरकार ने कोयला खान पेंशन (संशोधन) योजना 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत पुरानी कोयला खान परिवार पेंशन योजना 1971 के तहत आने वाले हजारों पेंशन भोगियों को बड़ी राहत दी गयी है। संशोधन के तहत न्यूनतम पेंशन राशि बढ़ाकर 1,000 प्रतिमाह कर दी गयी है। यह व्यवस्था आठ मार्च 2024 से प्रभावी मानी जायेगी। जानकारी के अनुसार, पुरानी परिवार पेंशन योजना के कई पेंशनभोगी पहले हुए न्यूनतम पेंशन संशोधन के लाभ से वंचित रह गये थे। कई लोग 500 या 100 रुपये से भी कम पेंशन प्राप्त कर रहे थे। नयी अधिसूचना के जरिए इस चूक को सुधारा गया है। इससे कोयला क्षेत्र से जुड़े परिवारों की सामाजिक सुरक्षा और मजबूत होगी तथा पुराने पेंशनभोगियों के अधिकारों और कल्याण को मान्यता मिलेगी। इस निर्णय से लगभग 16 हजार पेंशनभोगियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्हें जून माह से एरियर के साथ राशि का भुगतान किया जायेगा। इस फैसले से कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों के रिटायरमेंट कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी (सूचना का अधिकार विभाग) ने की कार्यकारिणी की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (सूचना का अधिकार विभाग) के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी (सूचना का अधिकार विभाग) अनूपपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी द्वारा जारी इस कार्यकारिणी का गठन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को के मार्गदर्शन में किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है जो कांग्रेस की विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने तथा सूचना के अधिकार के माध्यम से जनता की समस्याओं को उठाने की दिशा में यह टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। कांग्रेस नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की है। माना जा रहा है कि नई कार्यकारिणी के गठन से जिले में कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा सूचना के अधिकार से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।

### गैस सिलेंडर लीकेज से भड़की आग, घर गृहस्थी का सामान जलकर राख

# शहपुरा के बिलगांव में बड़ा हादसा टला, सिलेंडर पाइप लीकेज से घर में लगी भीषण आग

**शहपुरा** - डिंडोरी जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र के बिलगांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से अचानक घर में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घर का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।





शनिवार सुबह करीब 9 बजे बिलगांव निवासी महिला अपने घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर के पाइप से गैस रिसाव होने लगा और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोग जान बचाकर बाहर भागे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में रखा बिस्तर, कपड़े, राशन और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी।

ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि समय पर दमकल पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। गांव के लोगों ने बाल्टी और पानी के सहारे घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।



## करौंदी स्कूल में विद्यार्थियों को दिया जा रहा ऑन जॉब प्रशिक्षण

**डिंडौरी।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को ऑन जॉब प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य शिवचरन सिंह आर्मो एवं व्यावसायिक शिक्षक श्याम साहू की उपस्थिति में किया गया।प्रशिक्षण के तहत विद्यार्थियों को शासकीय उद्यान संजय निकुंज करौंदी, शहपुरा में 20 दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नर्सरी तैयार करना, आम और फूलों की ग्राफ्टिंग, गूटी बांधना तथा पौध तैयार करने की तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक कामता विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को उद्यानिकी आधारित स्वरोजगार और रोजगार के अवसरों के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। व्यावसायिक शिक्षक श्याम साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए 80 घंटे का ऑन जॉब प्रशिक्षण अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे पढ़ाई के साथ रोजगारपरक कौशल भी विकसित कर सकें।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के साथ स्वयं का व्यवसाय भी स्थापित कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न तकनीकी गतिविधियों की जानकारी हासिल की।यह प्रशिक्षण 23 मई तक संचालित किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, 9 प्रकरण दर्ज

**डिंडौरी।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 21 और 22 मई 2026 को आबकारी विभाग के डिंडौरी एवं शहपुरा वृत्त की टीमों ने शिकायतों के आधार पर विभिन्न गांवों में दबिश देकर कार्रवाई की।कार्रवाई के दौरान विक्रमपुर, मेरमाल, कस्तूरी पिपरिया और खमरिया समेत कई क्षेत्रों में कुल 09 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी अमले ने आरोपियों के कब्जे से 44 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची शराब, 50 पाव देसी मदिरा तथा 27 पाव विदेशी मदिरा जब्त की। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 15 हजार 560 रुपए आंकी गई है।

सभी आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) ‘क’ के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और आबकारी अधिकारी बैधनाथ वासनिक के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, मनीष उइके, करिशमा सलामे, नगर सैनिक तोक सिंह मरावी तथा वाहन चालक कुलदीप उइके की टीम द्वारा की गई।



## करोड़ों साल पुराने इतिहास को समेटे है घुघवा फॉसिल्स पार्क

**डिंडौरी।** जिले के शहपुरा विकासखंड में स्थित घुघवा फॉसिल्स पार्क प्रकृति, विज्ञान और इतिहास का अद्भुत संगम माना जाता है। करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्मों के लिए प्रसिद्ध यह स्थल आज देश-विदेश के पर्यटकों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पत्थरों में परिवर्तित हो चुके वृक्ष धरती के प्राचीन इतिहास की अनूठी कहानी बयां करते हैं।विशेषज्ञों के अनुसार पार्क में संरक्षित जीवाश्म करीब 6.5 करोड़ वर्ष पुराने हैं। इनकी पहचान वर्ष 1970 के आसपास हुई, जब स्थानीय ग्रामीणों ने खेतों और जंगलों में ऐसे पत्थर देखे जिनकी संरचना सामान्य पत्थरों से अलग थी। इनमें पेड़ों की छाल, तनों और वृक्षों के वलयों जैसी आकृतियां स्पष्ट दिखाई देती थीं। बाद में वैज्ञानिक अध्ययन में यह पुष्टि हुई कि ये प्राचीन वृक्षों के जीवाश्म हैं।जानकारों का मानना है कि यह क्षेत्र कभी घने जंगलों से आच्छादित रहा होगा, जहां ताड़, सागौन और कई दुर्लभ वनस्पतियां पाई जाती थीं। किसी प्राकृतिक आपदा, संभवतः ज्वालामुखीय गतिविधि या भीषण बाढ़ के कारण ये वृक्ष मिट्टी में दब गए। लाखों वर्षों तक चली प्राकृतिक प्रक्रियाओं के दौरान इनके जैविक तत्व खनिजों में परिवर्तित हो गए और धीरे-धीरे ये पत्थरों का रूप ले बैठे, जबकि उनकी मूल संरचना सुरक्षित बनी रही।






जीवाश्मों के महत्व को देखते हुए 5 मई 1983 को इस पार्क की स्थापना की गई। यह स्थान केवल पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र भी माना जाता है। यहां पाए जाने वाले जीवाश्म उस समय की जलवायु, भूगोल और वनस्पतियों से जुड़ी अहम जानकारी उपलब्ध कराते हैं।पार्क में आज भी वृक्षों के तने, पत्तियां, बीज, शंख, नारियल, बीज वाला केला, ताड़ के बीज, खजूर, बादाम और जामुन जैसे कई जीवाश्म सुरक्षित अवस्था में देखे जा सकते हैं। घने जंगलों और शांत वातावरण के बीच स्थित यह स्थल पर्यटकों को रोमांच और रहस्य से भर देता है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर की बैठक आज

**अमरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर एवं कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि आज 24 मई रविवार को अपराह्न 3:00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर में शहपुरा विधानसभा प्रभारी अभिनव चौरसिया, डिंडौरी जिला प्रभारी फून्दे लाल मार्को एवं डिंडौरी विधायक व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम का आगमन होने जा रहा हैं। आयोजित बैठक विधानसभा प्रभारी द्वारा मंडलम, सेक्टर एवं पोलिंग कमेटियों की सूची का अवलोकन करते हुए अनुमोदन हेतु चयनित किया जाना हैं। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम शाम 5.00 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागणों को निर्धारित समय में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजित बैठक को सफल बनाने की अपील की जा रही हैं।

### ग्राम रामगढ़ में 25 मई से रात्रि कालीन विधायक कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**अमरपुर** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामगढ़ में 25 मई से पंचायत स्तरीय रात्रि कालीन विधायक कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। आयोजित प्रतियोगिता के विजेता टीम को 31,000 रुपए नकद व ट्राफी, उप विजेता टीम को 15,000 रूपए नगद व ट्राफी प्रदान की जाएगी। आयोजित प्रतियोगिता में इच्छुक टीमें 1500 रूपए इंट्री फीस जमा कर भाग ले सकते हैं।





## खुले सेप्टिक टैंक में गिरी गाय को युवाओं ने बचाया, बड़ी दुर्घटना की आशंका

**डिंडौरी।** डिंडोरी के साकेत नगर स्थित भवतारिणी मंदिर के सामने शुक्रवार को एक गाय खुले सेप्टिक टैंक में गिर गई। टैंक पानी और कचरे से भरा होने के कारण गाय डूबने लगी। घटना की सूचना मिलते ही युवा शक्ति डिंडोरी के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। रोहित कांसकार और साथियों ने रस्सी की मदद से गाय को वाहन के सहारे खींचकर सुरक्षित बाहर निकाला। समय पर सहायता मिलने से गाय की जान बच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।बताया गया कि उक्त सेप्टिक टैंक लंबे समय से खुला पड़ा है और उसमें पानी व कचरा भरा हुआ है, जिससे आसपास के लोगों और मवेशियों के लिए खतरा बना हुआ है। युवा शक्ति डिंडोरी के सदस्यों ने प्रशासन और संबंधित जिम्मेदारों से जल्द से जल्द सेप्टिक टैंक को सुरक्षित रूप से बंद कराने की मांग की है।

## शहपुरा में 24 मई को निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग

**शहपुरा।** शहपुरा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक करने और सही दिशा देने के उद्देश्य से झारिया सेवा समिति द्वारा 24 मई को निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संस्कार पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक भी शामिल हो सकेंगे।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद अधिकांश विद्यार्थी विषय और कैरियर चयन को लेकर असमंजस में रहते हैं। उचित जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में कई बार छात्र गलत कोर्स का चयन कर लेते हैं, जिसका असर उनके भविष्य पर पड़ता है। इसी उद्देश्य से यह मार्गदर्शन कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ और अनुभवी मेंटर्स विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा, रोजगार के अवसरों और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ी जानकारी देंगे। साथ ही विद्यार्थियों के सवालों और शंकाओं का समाधान भी किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य का चयन कर सकें। कार्यक्रम में मोटिवेशनल सेशन भी आयोजित होगा, जिसमें विद्यार्थियों को सफलता के लिए प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम में पंजीयन के लिए विद्यार्थियों को अपना नाम, अभिभावक का नाम, ग्राम-पता, मोबाइल नंबर तथा अंकसूची की छायाप्रति जमा करनी होगी।




# बिजुरी कांड

# नाबालिग युवती की हत्या के एकमात्र चश्मदीद की संदिग्ध मौत से मचा हडकंप

### बरगद के साए में दफन सच, सवालों से कांपता सिस्टम

### इकलौते गवाह की हत्या या आत्महत्या कटघरे में पुलिस?

एक नाबालिग को औरत बतला कर उसके साथ दुराचार और हत्या की घटना को संदिग्ध बनाने वाले बिजुरी नगर निरीक्षक की संदिग्ध कार्यप्रणाली ने अनूपपुर जिले की पुलिस पर कालिख पोतने का काम किया है। पहले दिन से ही नाबालिग की नृशंस हत्या और सामूहिक बलात्कार के संगीन आरोपों के बीच जिस तरीके से बेवजह मामले को संदिग्ध बनाने का कार्य बिजुरी पुलिस ने किया,

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

अब जिले की जनता खुल कर मांग कर रही है कि नगर निरीक्षक को निलंबित कर उच्चस्तरीय टीम से घटना की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। यह सम्पूर्ण घटना तब और सनसनी हो गया



जब शनिवार की अल सुबह हत्याकांड के एकमात्र चश्मदीद गवाह एवं मुख्य शिकायत कर्ता की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली। इससे लोगों का गुस्सा भडक उठा और लोग जमकर बिजुरी पुलिस की लानत-मलानत कर रहे हैं।

जिले का बिजुरी कांड अब केवल एक आपराधिक घटना नहीं रहा, बल्कि पुलिसिया कहानी, राजनीतिक दबाव और रहस्यमयी मौतों के बीच उलझा ऐसा ज्वालामुखी बन चुका है, जिसकी आग पूरे नगर को झुलसा रही है। रेलवे ट्रैक किनारे बरगद के पेड़ के नीचे शुरू हुई यह कहानी अब हर चौपाल, हर चौराहे और हर घर में एक ही सवाल बनकर गूंज रही है कि आखिर सच कौन छिपा रहा है? युवती की मौत, गवाह की आत्महत्या और पुलिस की जल्दबाजी ये सब कुछ किसी बड़े राज की तरफ इशारा कर रहा है जो जन चर्चा का विषय बन हुआ है। जिले के पत्रकारों ने यह लिखने मे कतई संकोच नहीं किया कि बिजुरी पुलिस का आचरण शुरु से संदिग्ध है। अनाचार, अतिचार, क्रूरता चाहे जिस भी कारण (क्योंकि परिस्थितियाँ अत्यंत संदिग्ध हैं और इस पर पुलिस की प्रारंभिक जांच, बयान, प्रेस नोट और उसका आचरण उससे भी अधिक संदिग्ध है) से बिजुरी की एक सत्रह वर्षीया की क्रूरता से हत्या की गयी। इस मामले मे तमाम विसंगतियां बिजुरी पुलिस की पैदा की हुई हैं। मृतका के परिजनों को दरकिनार कर पुलिस कहानी के अनुसार जिस नाबालिग को शिकायतकर्ता बनाया गया, उसकी लाश आज रेलवे ट्रैक पर मिलती है। शायद उसका आज महत्वपूर्ण बयान दर्ज होना था। यह नहीं पता कि यह संयोगजनित हादसा है, आत्महत्या है या हत्या है। इसमे से कुछ भी संभव है। लेकिन बयान दर्ज होने के ठीक पहले चश्मदीद की संदिग्ध मौत से लोग स्तब्ध हैं। सवाल है कि इतने महत्वपूर्ण साक्ष्य/गवाह/शिकायतकर्ता/ चश्मदीद नाबालिग को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा से बाहर कैसे जाने दिया? जो एकमात्र व्यक्ति घटना का चश्मदीद था, जिसे यह पता था कि वारदात मे दो-चार-छः-आठ कितने रईसजादे/ धनकुबेर/बाहुबली या आम कबाडी या कितने लोग शामिल थे या नही थे, वही लोगो की पहचान कर सकता था। उसके बयान से अपराधियों और उन्हे पनाह देने वालों के चेहरों से नकाब उतर सकता था या पुलिस की कार्यवाही पुष्ट/अपुष्ट साबित होती। उसकी मौत ने मामले को अपराधियों को बचाने का पूरा मौका दे दिया। उसकी मौत के साथ शिकायत, गवाह, प्रमुख साक्ष्य सब कुछ नष्ट हो गया या कर दिया गया। बडा सवाल है कि इस चश्मदीद की मौत से किन्हे/किसे सीधा फायदा हो रहा है? उसकी मौत के पीछे कौन लोग हैं? बिजुरी पुलिस की इस मामले मे क्या भूमिका है? क्या जानबूझकर गवाह को आत्महत्या के लिये डरा धमका कर प्रेरित किया गया या मोटी रकम लेकर योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर दी गयी। सवाल ये बिल्कुल नहीं है कि नृशंस घटना को लेकर किसने क्या लिखा या क्या कहा या किसने जांच की मांग को लेकर पत्र मे क्या संदेह जताया। बडा सवाल यह है कि बिजुरी पुलिस स्वयं के आचरण से स्वय को इतना संदिग्ध क्यो और किसके लिये बना रही है?

### चश्मदीद की मृत्यु हादसा, आत्महत्या या हत्या

अनूपपुर जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र से शनिवार सुबह 17 वर्षीय किशोरी की हत्या, लूट और छेड़छाड़ के मामले का चश्मदीद गवाह और मुख्य शिकायतकर्ता 17 वर्षीय किशोर, निवासी माइन्स कॉलोनी की लाश बोरीडाँड़ रेलवे लाइन पर मिली। महज 48. घंटे मे बिजुरी नगर मे दो नाबालिगों की असमय संदिग्ध मौत ने लोगों को हिला कर रख दिया। रेलवे पुलिस के अनुसार कि सुबह 4 बजे के आसपास मालगाड़ी से टकराने से घायल युवक को मनेन्द्र गढ अस्पताल लाया गया जहां दम तोड़ दिया। उसके सिर पर सामने चोट है। पोस्टमार्टम के समय शहडोल आईजी एन चेत्रा के साथ पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, पुलिस अधीक्षक एमसीबी व एसडीओपी कोतमा उपस्थिति थे।

## खबर संक्षेप

### अतुल बने कांग्रेस सेवादल में मुख्य संगठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने प्रदेश मुख्य संगठक अवनीश भार्गव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल की सहमति से मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव और क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता अतुल चौरसिया को भारतीय कांग्रेस सेवादल ने नरसिंहपुर जिले का सेवादल में प्रमुख संगठक नियुक्त किया है। अतुल लंबे समय से कांग्रेस संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं देते चले आ रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### खुद पर आग लगाने की कोशिश

**हरिभूमि न्यूज़ -नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के नकटुआ में महिला द्वारा अपने ही घर पर खुद पर आग लगाने की कोशिश की गई जिसमें वह झुलस गई। पुलिस ने बताया कि सोनम पिता देवेंद्र महार उम्र 24 वर्ष निवासी नकटुआ स्टेशनगंज द्वारा अपने ही घर पर खुद को आग लगाने की कोशिश जिससे वह झुलस गई जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है वही पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रही है

### सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के भंडारदेव वायपास में हुई सड़क दुर्घटना मे युवक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गणेश पिता सीताराम उम्र 30 वर्ष निवासी भंडारदेव थाना मुगवानी सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### युवती ने खाई जहरीली वस्तु

**हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत 19 वर्षीय युवती द्वारा अज्ञात कारणों से अपने ही घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है। वही पुलिस घटना की जांच पड़ताल मे जुटी हुई है

### अज्ञात कारणों से खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम इमलिया में व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि भूपेंद्र लोधी भागवत सिंह लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी इमलिया गरारू अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### श्रृष्टि का सुयश

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षक आर के पाठक एवं शिक्षिका श्रीमती कुसुमलता पाठक की सुपुत्री श्रृष्टि पाठक ने सी बी एस ई परीक्षा कक्षा बारहवीं में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय श्रेणी हासिल करते हुए परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### ग्रामीणों क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान

**गणेशगंज।** पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले पांच दिनों से जिले का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन में तपिश रहती है, वहीं रात में बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि रात में जब लोग सोने की तैयारी करते हैं, उसी समय बिजली गुल हो जाती है और कई घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती। उनके अनुसार, रात में 11 से 12 बजे तक बिजली कटौती होने से लोगों की नींद, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।




### जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जनसुनवाई एवं शिविर सम्पन्न

# शासन की योजनाओं का हितग्राहियों को मिले लाभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिले की जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत माल्हनवाड़ा (इकलोनी) के गोंडवाना भवन में सबसे दूर सबसे पहले जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जनसुनवाई एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल समाधान किया और जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चना कर किया गया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बच्चों को निःशुल्क साइकिल और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया।

### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

शिविर में आधार कैम्प के माध्यम से ग्रामवासियों एवं बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए और आधार कार्ड में आवश्यक सुधार किए गए। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला योजना 3.0 के तहत गैस कनेक्शन, पोषण आहार वितरण, मातृ वंदना योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु केसीसी, किसान सम्मान निधि, संबल योजना के तहत पंजीयन, अनुग्रह सहायता व अंत्येष्टी सहायता राशि, पीएम सुरक्षा बीमा योजना आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर कुपोषण की जांच की गई। साथ ही ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवा वितरित की गई। क्षय रोग के तहत 70 नागरिकों की स्क्रिनिंग कर 40 के सैम्पल लिए गए। शिविर में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मानेगांव की मेमवती गोंड़ व निशा ठाकुर को 6 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खाते में पहुंचाई गई।

### हितलाभ हेतु किया गया आवेदन

5 वर्ष तक के 12 बच्चों के नवीन आधार कार्ड बनाए गए और 70 वर्ष से अधिक 5 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। आयुष्मान के तहत 5 हितग्राहियों की ई-केवायसी की गई। खाद्य विभाग के द्वारा राशन पात्रता पर्ची के लिए लंबित 8 परिवार के सदस्यों की ई-केवायसी की गई। साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 8 आवेदन प्राप्त हुए। पशु पालन विभाग के तहत 4 लोगों के केसीसी और दो लोगों को बैकमार्ट कुक्कड़ प्रदान किए गए। ग्रामवासियों को श्रम योगी मानधन योजना की जानकारी प्रदान की गई। श्रमपदाधिकारी ने बताया कि श्रम योगी मानधन योजना के तहत पात्रता, अंशदान एवं लाभ के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि सीएसएस एवं श्रम विभाग या स्वयं के माध्यम से योजना में रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। जिला स्तर के सभी अधिकारी एक ही वाहन से एक साथ शिविर में पहुंचे। इस शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत पात्र नागरिकों तक पहुंचाना था। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जिला अधिकारी व विकासखंड स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी मौजूद थे।



### श्रमिकों के कराए गए पंजीयन

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत चीचली में पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 से 40 वर्ष तक असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के पंजीयन किए गए। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है तथा केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है।

# भारतनेट उद्यमी ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी हेतु कार्य जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीएसएनएल भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक है, जो मोबाइल, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच, एंटरप्राइज एवं डिजिटल कनेक्टिविटी सेवाएँ प्रदान करती है। इस सम्बन्ध जानकारी देते हुए सहायक महाप्रबंधक बीएसएनएल के अनुसार बीएसएनएल लगातार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने के लिए कार्यरत है। इस सिलसिले में बीएसएनएल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुलभ बनाने के लिए स्थानीय उद्यमियों, केबल ऑपरेटरों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूह, तकनीकी रूप से सक्षम युवा, ग्राम पंचायत अथवा फर्म बहुत कम निवेश पर ऑनलाइन माध्यम से भारतनेट उद्यमी बना रहा है। बीएसएनएल द्वारा भारतनेट उद्यमियों को तकनीकी प्रशिक्षण, राजस्व साझेदारी मॉडल एवं विभिन्न प्रोत्साहन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उद्यमी योजना का उद्देश्य देश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च गति ब्रॉडबैंड सेवाएं पहुँचाकर डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करना है। इस पहल के माध्यम से बीएसएनएल स्थानीय साझेदारों के सहयोग से स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत कार्यालयों, कृषि संस्थानों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं को भी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। बीएसएनएल के आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक पर आधारित एफटीटीएच एवं भारतनेट नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, भारतनेट उद्यमी कार्यक्रम से जुड़कर अपना ब्रॉडबैंड एवं डिजिटल सेवा व्यवसाय शुरू करने से न सिर्फ नियमित मासिक आय अर्जित कर सकते हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं।



### सिंहपुर प्रीमियर लीग का फायनल मुकाबला आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समीपी ग्राम सिंहपुर में आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग का फायनल मुकाबला आज खेला जावेगा। सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला नगर की दो प्रतिष्ठित टीमों एसेस इलेवन और एमएफसी के मध्य खेला जाएगा। इस महामुकाबले को लेकर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद एवं आकर्षक विजेता ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7 हजार रुपये नगद एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।




### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस सांदीपनि एसडीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ईको क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निबंध, चित्रकला, प्रदर्शनी तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किए गए। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करके उत्साह वर्धन किया गया। आयोजन में प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर जैविक भिन्नता को संरक्षित करने तथा संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। नोडल प्रभारी देवेश वैद्य ने जैव विविधता जागरूकता, ग्रीनहाउस प्रभाव, पृथ्वी तापमान वृद्धि के कारण व उपाय बताए समस्त विद्यालय परिवार द्वारा हमारे ग्रह में मौजूद सभी पेड़ पौधों, जीव जंतुओं, सूक्ष्मजीवों के संरक्षण हेतु शपथ ली, कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी माधुरी गर्ग द्वारा किया गया तथा समस्त विद्यालय परिवार ने अपनी भूमिका निभाई।

# घोष की ताल पर कदम मिलाती सेविकाओं ने निकाला पथ संचलन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्र सेविका समिति महाकौशल प्रांत का 15 दिवसीय प्रवेश शिक्षा वर्ग विगत 9 मई से 24 मई 2026 तक माउंट लिटेरा जी स्कूल, प्रकाशनगर बारापत्थर सिवनी में चल रहा है। इस प्रशिक्षण कर्ग में प्रांत के 9 विभागों के 22 जिलों से 101 बहनें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वर्ग का उद्घाटन 10 मई को हुआ। दिनांक 21 मई को प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा ले रही प्रांत भर की सेविकाओं ने शहर में पथ संचलन निकाल अनुशासन के साथ शौर्य व पराक्रम का दिया संदेश 7प्रांत कार्यवाहिका सुमेधा पोळ ने बताया कि संचलन तिलक स्कूल प्रांगण से महावीर मढ़िया, शंकर मढ़िया से नगरपालिका के सामने से होता हुआ लक्ष्मीनारायण मंदिर,बस स्टैण्ड के सामने से ष्टरूशापिंग मॉल,छोटी मस्जिद चौराहा से राममंदिर,शुक्रवारी चौक,दुर्गा चौक से ढिमरी मोहल्ला होता हुआ पुनः तिलक स्कूल में जाकर संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की वर्गाधिकारी शिखा राय ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्त्रियों को शारीरिक ,बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। समिति का उद्देश्य स्त्री शक्ति को पहचाने और महिलाओं को राष्ट्र धर्म की सेवा के साथ राष्ट्र निर्माण में उनका विकास राष्ट्र के विकास में सहायक होगा। समिति महिलाओं के शारीरिक, स्वास्थ्य, बौद्धिक क्षमता और मनोबल को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग लगते हैं। जिनमें महिलाओं के साथ बालिकाओं का हर प्रकार का व्यक्तित्व निर्माण और विकास होता है। साथ ही समिति महिलाओं को भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ कर उन्हें राष्ट्र के प्रति समर्पित बनती है और हमारा उद्देश्य भी है।



### गौशाला में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पशुपालन विभाग की जिला मुख्यालय टीम द्वारा खमरिया गौशाला में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर पशुधन के संरक्षण एवं उपचार के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान गौशाला में मौजूद समस्त पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर 5 पशुओं का उपचार, 2 गर्भ परीक्षण, एक कृत्रिम गर्भाधान एवं 25 पशुओं का एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण किया गया। यह शिविर उप संचालक पशुपालन डॉ. सुनील बृजपुरिया के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन डॉ. नितिन किरार के मार्गदर्शन में डॉ. सार्थक विश्वकर्मा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए पशुधन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

# जिले में 17 लाख 86 हजार क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य खरीदी केन्द्रों में निरंतर संचालित है। जिले में 23 मई 2026 को प्रात 11 बजे तक 24 हजार 463 किसानों से 17 लाख 86 हजार क्विंटल की गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के बैंक खातों में 290 करोड़ रुपये राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। शेष गेहूं विक्रय किसानों का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से निरंतर प्रक्रियाधीन है। शासन स्तर से गेहूं खरीदी की तिथि में 28 मई 2026 तक की वृद्धि की गई है। जिससे स्लॉट बुकिंग किसान जिनकी खरीदी की तिथि वैध है, ऐसे किसानों से सहूलियत से गेहूं खरीदी की जा सके। जिले में बारदानों की आपूर्ति निरंतर प्राप्त हो रही है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला उपार्जन समिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए हैं कि खाद्य, सहकारिता, कृषि, राजस्व के सभी एसडीएम व तहसीलदार खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से सतत निरीक्षण कर उपार्जन के कार्य में पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण रखें। गेहूं खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 28 मई तक नियमित रूप से खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहकर सुचारू रूप से उपार्जन का कार्य संपादित कराएं। डीएम नॉन को निर्देश दिए हैं कि गेहूं के परिवहन के लिए शेष मात्रा अनुसार खरीदी केन्द्रों में 2 दिवस में परिवहन पूर्ण कराएं और गोदाम में भंडारित मात्रा के स्वीकृति पत्र जारी करें। जिससे किसानों का त्वरित भुगतान हो सके। किसान संगठन एवं किसानों से स्लॉट की तिथि में वृद्धि के संबंध में मांग पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसके संबंध में शासन को पत्र भेजे गए हैं।